दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर–273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक 03.04.2026

प्रकाशनार्थ

दिनांक 03.04.2026 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गणित संवर्ग में बी.एस.सी. तथा एम.एस.सी. द्वितीय तथा चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने द्वितीय वर्ष तथा छठवें सेमेस्टर के सीनियर छात्रों के लिए एक यादगार विदाई समारोह का भव्य आयोजन पुस्तकालय हाल में किया। यह कार्यक्रम छात्रों के बीच सौहार्द, सहयोग और शैक्षणिक उत्साह का प्रतीक सिद्ध हुआ। जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भावपूर्ण संदेशों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक झलकियों से हुई, जहां मैत्रेई मिश्रा ने संस्कृत में स्वागत गीत और अर्पिता गुप्ता, करिश्मा और नंदिता ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति देकर वातावरण को उत्सवी बना दिया। वहीं प्रफुल्ल त्रिपाठी एवं सुमित शर्मा ने अपने प्रेरणादायक भाषणों से जूनियर तथा सीनियर छात्रों को भावुक कर दिया, जो उनके शैक्षणिक सफर की उपलब्धियों और भविष्य की चुनौतियों पर केंद्रित थे। इस समारोह ने न केवल विदाई का अवसर प्रदान किया, बल्कि विभागीय एकता को मजबूत करने का माध्यम भी सिद्ध हुआ।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्रों को संबोधित करते हुए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, ''यह विदाई समारोह नई पीढ़ी को प्रेरित करता है और शैक्षणिक मूल्यों की निरंतरता सुनिश्चित करता है।'' विभाग के प्रभारी डॉ. सूरज कुमार शुक्ला ने भी अपने आशीर्वादपूर्ण संदेश से छात्रों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता की कामना की तथा जूनियर्स को सीनियर्स से सीखने का संदेश दिया। भौतिकी प्रभारी डॉ. नीतीश शुक्ला ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली में AI की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा धन्यवाद ज्ञापन कंप्यूटर विभाग के प्रभारी डॉ. पवन कुमार पाण्डेय ने किया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष की विद्यार्थियों भाविनी तिवारी एवं विशाल यादव ने किया, जिनकी सहज शैली ने समारोह को और आकर्षक बना दिया। इस अवसर पर विभागीय शिक्षक डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव , डॉ. आनन्द कुमार मिश्र ,डॉ. रामपाल मौर्य एवं अनुराधा सिंह सहित गणित संवर्ग के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क